भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

30 अप्रैल, 2018

<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा कर्नाटक के कोलार गोल्ड फील्ड्स (केजीएफ विधानसभा) में आयोजित जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>

चारा घोटाले में भ्रष्टाचार के कई मामलों में जेल की सजा काट रहे लालू यादव के साथ राहुल गांधी की मुलाक़ात ने राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के चाल, चरित्र और चेहरे को देश की जनता के सामने उजागर कर दिया है

****

राहुल गांधी उसी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष हैं जिसकी सोनिया-मनमोहन सरकार लालू यादव जैसे भ्रष्ट नेताओं को बचाने के लिए अध्यादेश लेकर आई थी। उस वक्त राहुल गांधी ने जनता के सामने दिखावा करते हुए अध्यादेश की कॉपी को फाड़ने का नाटक किया था

****

2019 के चुनाव में करारी हार के डर से अपनी इज्जत बचाने के लिए वही अध्यादेश फाड़ने वाले राहुल गांधी आज चारा घोटाले के कई मामलों में सजा पा चुके कैदी लालू यादव से मिलने पहुँच जाते हैं और उन्हें गले लगाकर सरकार बनाने की जुगाड़ में लगे हैं

****

इस एक घटना ने देश की जनता के सामने राहुल गांधी के दो चेहरों को उजागर किया है - जब सत्ता में होते हैं तो किस प्रकार का चाल, चरित्र और चेहरा होता है और जब सत्ता में नहीं होते हैं, सत्ता प्राप्त करनी होती है तब लालू यादव को भी गले लगाने से नहीं हिचकिचाते

****

भ्रष्टाचार को लेकर जिस पार्टी के इस प्रकार के दोहरे मापदंड हो, वह पार्टी कर्नाटक में साफ़-सुथरी सरकार कतई नहीं दे सकती

****

कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी है और इतिहास गवाह है कि आजादी से लेकर आज तक कांग्रेस पार्टी की चार पीढ़ियों के 70 साल के शासन में केवल भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार हुआ है। आजादी के 70 सालों में कांग्रेस पार्टी ने लोगों की भलाई करने के बजाय केवल एक परिवार का भला किया है

****

कांग्रेस की सोनिया-मनमोहन सरकार के दौरान 10 वर्षों में अंतरिक्ष से लेकर पाताल तक 12 लाख करोड़ रुपये के घपले-घोटाले हुए थे और देश के खजाने को जम कर लूटा गया था। आज राहुल गांधी लालू यादव से मिलकर देश की जनता को कांग्रेस की यूपीए सरकार के उसी दौर को याद दिला रहे हैं

****

जिस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खुद भ्रष्टाचार के मामले में अदालत से बेल पर चल रहे हों, उस पार्टी से भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति के अलावे कुछ और की अपेक्षा भी नहीं की जा सकती

****

कर्नाटक में विगत पांच वर्षों के शासनकाल में सिद्धारमैया सरकार ने भ्रष्टाचार के अलावे कुछ भी नहीं किया है। जिस पार्टी का मुखिया ही भ्रष्टाचार का समर्थक हो, उस पार्टी की सरकार ऐसे ही चलती है

****

कर्नाटक की जनता सिद्धारमैया की वोटबैंक, तुष्टीकरण और नफरत की राजनीति से तंग आ चुकी है, वे जहां से भी चुनाव लड़ें, राज्य की जनता उन्हें अपने वोट के माध्यम से कड़ा सबक सिखाएगी

****

मोदी सरकार ने कर्नाटक को केन्द्रीय अनुदान के रूप में 2,19,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त विभिन्न परियोजनाओं में कर्नाटक को लगभग 80,000 करोड़ रुपये अलग से दिए गए हैं लेकिन ये पैसा राज्य की जनता के विकास में लगने के बजाय सिद्धारमैया सरकार के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है

****

सिद्धारमैया सरकार में बेंगलुरु का विकास ठप्प पड़ गया है, ट्रैफिक जाम में फंस गया है और बेंगलुरु को कांग्रेस सरकार ने माफियाओं के हवाले कर दिया है। यदि बेंगलुरु को इससे मुक्त कराना है तो राज्य में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की येदुरप्पा सरकार बनानी पड़ेगी

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अगुआई में और श्री येदुरप्पा जी के नेतृत्व में कर्नाटक में बनने वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार राज्य को विकास के पथ पर अग्रसर करते हुए कर्नाटक को एक मॉडल स्टेट के रूप में प्रतिष्ठित करेगी

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह जी ने आज कर्नाटक के कोलार गोल्ड फील्ड्स (केजीएफ विधानसभा) में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया और राज्य की जनता से कर्नाटक के विकास के लिए पूर्ण बहुमत की येदुरप्पा सरकार बनाने का आहवान किया।

श्री शाह ने चारा घोटाले के कई मामलों में जेल की सजा काट रहे लालू यादव से राहुल गांधी की मुलाक़ात पर करारा प्रहार किया और कहा कि इस मुलाक़ात ने राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के चाल, चरित्र और चेहरे को देश की जनता के सामने उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि **राहुल गाँधी उसी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष हैं जिसकी सोनिया-मनमोहन सरकार लालू यादव जैसे भ्रष्ट नेताओं को बचाने के लिए अध्यादेश लेकर आई थी।** उन्होंने कहा कि **उस वक्त राहुल गांधी ने जनता के सामने दिखावा करते हुए अध्यादेश की कॉपी को फाड़ने का नाटक किया था। अब जब 2019 का चुनाव आ रहा है तो राहुल गांधी को डर लग रहा है कि लालू यादव की मदद के बिना वे चुनाव में अपनी इज्जत भी नहीं बचा पायेंगे तो वही अध्यादेश फाड़ने वाले राहुल गांधी आज चारा घोटाले के कई मामलों में सजा पा चुके कैदी लालू यादव से मिलने पहुँच जाते हैं और उन्हें गले लगाकर सरकार बनाने की जुगाड़ में लगे हैं।**

राहुल गांधी पर हमला जारी रखते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **इस एक घटना ने देश की जनता के सामने राहुल गांधी के दो चेहरों को उजागर किया है - जब सत्ता में होते हैं तो किस प्रकार का चाल, चरित्र और चेहरा होता है और जब सत्ता में नहीं होते हैं, सत्ता प्राप्त करनी होती है तब लालू जी को भी गले लगाने से नहीं हिचकिचाते।** उन्होंने कहा कि **भ्रष्टाचार को लेकर जिस पार्टी के इस प्रकार के दोहरे मापदंड हो, वह पार्टी कर्नाटक में साफ़-सुथरी सरकार कतई नहीं दे सकती।**

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस की सोनिया-मनमोहन सरकार के दौरान 10 वर्षों में अंतरिक्ष से लेकर पाताल तक 12 लाख करोड़ रुपये के घपले-घोटाले हुए थे और देश के खजाने को जम कर लूटा गया था। आज राहुल गांधी लालू यादव से मिलकर देश की जनता को कांग्रेस की यूपीए सरकार के उसी दौर को याद दिला रहे हैं।** उन्होंने कहा कि **जिस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खुद भ्रष्टाचार के मामले में अदालत से बेल पर चल रहे हों, उस पार्टी से भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति के अलावे कुछ और की अपेक्षा भी नहीं की जा सकती।** उन्होंने कहा कि **कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी है और इतिहास गवाह है कि आजादी से लेकर आज तक कांग्रेस पार्टी की चार पीढ़ियों के 70 साल के शासन में केवल भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार हुआ है।** उन्होंने कहा कि **आजादी के 70 सालों में कांग्रेस पार्टी ने लोगों की भलाई करने के बजाय केवल एक परिवार का भला किया है।**

सिद्धारमैया सरकार पर करारा प्रहार करते हुए श्री शाह ने कहा कि कर्नाटक में विगत पांच वर्षों के शासनकाल में सिद्धारमैया सरकार ने भ्रष्टाचार के अलावे कुछ भी नहीं किया है। उन्होंने कहा कि **कोई सरकार विद्युत् आपूर्ति में नंबर वन बनती है, कोई गरीबों के आवास बनाने में नंबर वन बनती है, कोई रोजगार प्रदान करने में नंबर वन बनती है लेकिन सिद्धारमैया सरकार भ्रष्टाचार करने में नंबर वन आई है।** उन्होंने कहा कि **जिस पार्टी का मुखिया ही भ्रष्टाचार का समर्थक हो, उस पार्टी की सरकार ऐसे ही चलती है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **राहुल गांधी मानते हैं कि सिद्धारमैया कांग्रेस पार्टी की डूबती नैया को पार ले जायेंगे लेकिन सिद्धारमैया तो खुद अपनी सीट छोड़ कर सुरक्षित सीट की तलाश में भाग रहे हैं, वे भला अपनी पार्टी को कहाँ बचा पायेंगे।**

उन्होंने कहा कि **कर्नाटक की जनता सिद्धारमैया की वोटबैंक, तुष्टीकरण और नफरत की राजनीति से तंग आ चुकी है, वे जहां से भी चुनाव लड़ें, राज्य की जनता उन्हें अपने वोट के माध्यम से कड़ा सबक सिखाएगी।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सिद्धारमैया सरकार के दुष्प्रचार पर पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार कर्नाटक के विकास के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि **सोनिया-मनमोहन की यूपीए सरकार के दौरान 13वें वित्त आयोग में केन्द्रीय अनुदान के रूप में जहां कर्नाटक को केवल 88,583 करोड़ रुपये मिले थे, वहीं मोदी सरकार में 13वें वित्त आयोग में कर्नाटक को लगभग ढाई गुना ज्यादा 2,19,506 करोड़ रुपये आवंटित हुए हैं।** उन्होंने कहा कि **इसके अतिरिक्त विभिन्न परियोजनाओं में कर्नाटक को लगभग 80,000 करोड़ रुपये अलग से दिए गए हैं लेकिन ये पैसा राज्य की जनता के विकास में लगने के बजाय सिद्धारमैया सरकार के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है।** उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने मुद्रा योजना में 39,400 करोड़, स्मार्ट सिटी में 960 करोड़, अमृत मिशन के लिए 4953 करोड़, स्वच्छ भारत अभियान के लिए 204 करोड़, अर्बन ट्रांसपोर्टेशन के लिए 239 करोड़, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के लिए 405 करोड़, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 290 करोड़, बेंगलुरु मेट्रो के लिए 2,617 करोड़, रेलवे के विकास के लिए 2,197 करोड़ और सड़कों के निर्माण के लिए 27,482 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **कर्नाटक में हर जगह भारतीय जनता पार्टी को राज्य की जनता का अभूतपूर्व समर्थन और प्यार मिल रहा है।** उन्होंने कहा कि **आगामी 15 मई को मतगणना पूरी होते ही कर्नाटक को मॉडल स्टेट के रूप में प्रतिस्थापित करने के उद्देश्य के साथ भाजपा की येदुरप्पा सरकार का गठन होना तय है।**

श्री शाह ने कहा कि **सिद्धारमैया सरकार में बेंगलुरु का विकास ठप्प पड़ गया है, ट्रैफिक जाम में फंस गया है और बेंगलुरु को कांग्रेस सरकार ने माफियाओं के हवाले कर दिया है।** उन्होंने कहा कि **यदि बेंगलुरु को इससे मुक्त कराना है तो राज्य में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की येदुरप्पा सरकार बनानी पड़ेगी।** उन्होंने कहा कि हम कर्नाटक में किसी विधायक, मंत्री अथवा मुख्यमंत्री को बदलने के लिए परिवर्तन नहीं लाना चाहते हैं बल्कि हम राज्य की स्थिति में आमूल-चूल परिवर्तन लाकर कर्नाटक को देश का मॉडल स्टेट बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की अगुआई में और श्री येदुरप्पा जी के नेतृत्व में कर्नाटक में बनने वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार राज्य को विकास के पथ पर अग्रसर करते हुए कर्नाटक को एक मॉडल स्टेट के रूप में प्रतिष्ठित करेगी।**

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव